हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

12 एसबीीएस स्कूल माढा के खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड



12 विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए...



## खबर संक्षेप

### आज से 30 अप्रैल तक कर सकते हैं स्वगणना

**हांसी।** डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि जनगणना-2027 के लिए नागरिक घर बैठे ही स्वजनणना कर सकते हैं। पोर्टल 16 से 30 अप्रैल तक खुला रहेगा। डिजिटल जनगणना 2027 के स्व-गणना पोर्टल पर पंजीकरण करने की स्टेप-टू-स्टेप प्रक्रिया में censusindia.gov.in पोर्टल पर जाएं या मोबाइल एप डाउनलोड करें। लॉगिन करने के लिए अपना सक्रिय मोबाइल नंबर दर्ज करें। आपके नंबर पर आए ओटीपी को भरकर वेरीफिकेशन पूरा करें। प्रारंभिक जानकारी में परिवार के मुखिया का नाम, राज्य, जिला और तहसील सिलेक्ट करें। यूजर आईडी और पासवर्ड वेरिफिकेशन के बाद एसएमएस से मिले यूर्जर आइडी व पासवर्ड से पोर्टल पर लॉगिन करें। एक मोबाइल से एक परिवार की ही जानकारी दी जा सकती है।

### अवैध पिस्तौल सहित आरोपी दबोचा

**हिसार।** सीआईए स्टाफ बरवाला की टीम ने सूर्य नगर पुल के नीचे से एक व्यक्ति को अवैध हथियार सहित काबू किया है। सीआईए स्टाफ बरवाला प्रभारी ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार की टीम गश्त के दौरान जिंदल चौक सूर्यनगर पुल के नीचे अर्बन एस्टेट के पास थी। तभी अर्बन एस्टेट की ओर से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह वापस मुड़कर जाने लगा तो पुलिस ने उसे रोक लिया। तलाशी लेने पर उससे 315 बोर का पिस्तोल बरामद हुआ। आरोपी की पहचान वार्ड 16 ठंडी सड़क निवासी अरमान उर्फ बुगल के रूप में हुई।

### हत्या प्रयास के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** एचटीएम पुलिस ने हत्या प्रयास के एक पुराने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में भारत नगर निवासी जुगनु, अमीर, प्रवीन व सुनील शामिल हैं। उनके कब्जे से एक गंडासी, डंडा व वारदात में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया गया है। थाना एचटीएम के पीएसआई बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि 6 अक्टूबर 2025 को गौरव उर्फ कार्तिक व रोहित पर आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर नई सब्जी मंडी में शेड नंबर 1 के नीचे तेजधार हथियारों से हमला कर दिया था। मामले में जुवेनाइल सहित दो आरोपी मोहित व सुनील उर्फ चांदा पहले से गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### थाना अग्रोहा पुलिस ने चोरी की गुत्थी सुलझाई

हिसार। अग्रोहा पुलिस ने बस में से पर्स चोरी मामले में आरोपी महिला को काबू किया है। आरोपी महिला से चोरीशुदा नकदी व जरूरी दस्तावेज बरामद किए गए हैं। महिला सहायक उप निरीक्षक नीलम ने बताया कि इस संबंध में गत 13 अप्रैल को कालीरावण निवासी महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार जब वह अग्रोहा से आदमपुर की ओर बस में बैठकर जा रही थी तो रास्ते में उसका किसी ने पर्स चोरी कर लिया। मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की सहायता से आरोपी महिला को काबू कर चोरीशुद्वा सामान बरामद कर लिया। महिला को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नगर निगम की टीम ने पकड़े 23 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम की टीम ने निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार व एडीसी डॉ. प्रदीप हुड्डा के निर्देश पर सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में पशु पकड़ो अभियान चलाया। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने बुधवार को सुन्दर नगर, नई अनाज मंडी, सेक्टर-14, रेलवे स्टेशन, पुरानी सब्जी मंडी, विजय नगर के आस-पास क्षेत्र से 23 बेसहारा पशु पकड़े व गो-अभ्यारण्य भेज दिए। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

## आदमपुर में सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी कर की कार्रवाई

# बिना दस्तावेज कर रखा था 833 क्विंटल ग्वार और 1025 क्विंटल सरसों का भंडारण, 1.29 लाख रुपये मार्केट फीस व जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

सीएम फ्लाइंग टीम ने सरसों व ग्वार के अवैध भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई गोदामों में बिना दस्तावेजों के सरसों व ग्वार के भारी मात्रा में अवैध रूप से स्टॉक बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस रेड से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कुल 1025 क्विंटल सरसों व 833 क्विंटल ग्वार का अवैध स्टॉक मिलने पर तीन फर्मों पर लगभग एक लाख 29 हजार रुपये मार्केट फीस व जुर्माना लगाया गया।

रेड का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ आदमपुर मार्केट कमेटी के मंडी सुपरवाइजर सुनील कुमार व कुलदीप, एसआई कृष्ण कुमार, एएसआई सुरेंद्र मौजूद रहे। सीएम फ्लाईंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम ने बुधवार को आदमपुर में स्थित अभिषेक एग्रो इंडस्ट्रीज के गोदाम पर निरीक्षण किया, जहां सरसों का बड़ा भंडारण पाया गया। फर्म मालिक सरसों की खरीद से जुड़े वैध दस्तावेज या मार्केट फीस रसीद प्रस्तुत नहीं कर सका। टीम ने एच रजिस्टर व मार्केट कमेटी के रिकॉर्ड के साथ स्टॉक का मिलान किया। उक्त फर्म के खिलाफ मार्केट कमेटी की निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन करने और बिना दस्तावेजों के अवैध रूप से 1025 क्विंटल सरसों का स्टॉक करने पर लगभग 78 हजार 798 रुपये मार्केट कमेटी फीस व जुर्माना लगाया गया।



गोदाम पर जांच करती सीएम फ्लाइंग टीम।

### नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई कर जारी किया नोटिस

टीम ने आदमपुर में राजेन्द्र कुमार शुभम कुमार फर्म के गोदाम पर निरीक्षण किया, जहां ग्वार का भंडारण पाया गया तथा फर्म मालिक ग्वार की खरीद से जुड़े वैध दस्तावेज या मार्केट फीस रसीद प्रस्तुत नहीं कर सका। टीम ने स्टॉक रजिस्टर व मार्केट कमेटी के रिकॉर्ड के साथ स्टॉक का मिलान किया गया। उक्त फर्म के खिलाफ मार्केट कमेटी की निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन करने और बिना दस्तावेजों के अवैध रूप से 515 क्विंटल ग्वार का स्टॉक करने पर लगभग 28 हजार 789 रुपये मार्केट कमेटी फीस व जुर्माना लगाया गया तथा मार्केट कमेटी द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

### खरीद के दस्तावेज नहीं दिखा सका फर्म मालिक

आदमपुर में घनश्याम दास दिनेश कुमार फर्म के गोदाम में ग्वार का भंडारण व एक गोदाम अवैध मिला। फर्म मालिक ग्वार की खरीद से जुड़े वैध दस्तावेज या मार्केट फीस रसीद प्रस्तुत नहीं कर सका। उक्त फर्म के खिलाफ मार्केट कमेटी की निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन और बिना दस्तावेजों के अवैध रूप से 318 क्विंटल ग्वार का स्टॉक करने पर 21,465 रुपये मार्केट कमेटी फीस व जुर्माना लगाया गया व मार्केट कमेटी ने अवैध गोदाम बनाने पर नोटिस जारी किया। निरीक्षण के दौरान 3 फर्मों पर कुल 1025 क्विंटल सरसों व 833 क्विंटल ग्वार का अवैध स्टॉक पर 1.29 लाख रुपये मार्केट फीस व जुर्माना लगाया गया।

### सख्त कार्रवाई होगी

सरकार के निर्देशानुसार अनाज के भंडारण के लिए वैध खरीददारी, लाइसेंस और मार्केट फीस भुगतान अनिवार्य है। नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सरकार के आदेशानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। -**सुनैना,** इंचार्ज, सीएम फ्लाइंग, हिसार रेंज

## मंडियों और खरीद केंद्रों पर खुले आसमान के नीचे लगे पीले सोने के ढेर

# आवक चुस्त, उठान सुस्त



हिसार। नई अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे लगे गेहूं के ढेर। फोटो : हरिभूमि

### इन मंडियों व केंद्रों पर चल रही खरीद

मंडियों व खरीद केंद्रों में आदमपुर, अग्रोहा, बालसमंद, बांडाहेड़ी, बरवाला, बास, दौलतपुर, घिराय, हांसी, हसनगढ़, हिसार, खांडा खेड़ी, खेड़ी जालब, कोथ कलां, लोहारी राघो, नारनौंद, पाबड़ा, श्यामसुख, सिसाय, थुराना, उकलाना व नई सब्जी मंडी हांसी शामिल हैं। बालसमंद मंडी, दौलतपुर, घिराय, हसनगढ़, खेड़ी जालब, पाबड़ा अनाज मंडी, बांडाहेड़ी में हैफेड, सिसाय, थुराना मंडी तथा कोथकलां मंडी में फूड सप्लाई विभाग और लाहोरी राघो, श्यामसुख मंडी में एचडब्ल्यूसी सप्ताह के सातों दिन खरीद करेगी। इन मंडियों व खरीद सेंटर पर अन्य एजेंसियों को खरीद की मनाही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले की गेहूं की आवक तेज हो गई है। मंडियों तथा खरीद सेंटरों पर खुले आसमान के नीचे पीले सोने के ढेर लगे हुए है। गेहूं की खरीद के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा तय किए गए टारगेट के आधे से अधिक गेहूं की आवक मंडियों में हो चुकी है। गेहूं की आवक के मुकाबले उठान की रफ्तार काफी कम है। इसके चलते किसानों तथा आढ़तियों के लिए दिक्कत बढ़ने लगी है। आवक के मुकाबले उठान न होने से आने वाले दिनों में हालात खराब हो सकते हैं। किसान सड़कों पर गेहूं डालने को मजबूर होगा।

उधर, अधिकारी उठान कार्य को तेज करने के निर्देश तो जरूर दे रहे हैं, लेकिन धरातल पर उनका असर न के बराबर है। हिसार व हांसी में गेहूं की सरकारी खरीद 1 अप्रैल से शुरू हुई थी, लेकिन बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि के कारण गेहूं की आवक करीब एक सप्ताह देरी से शुरू हो पाई। इस सप्ताह से गेहूं की आवक तेज हुई है। प्रशासन की तरफ से गेहूं की खरीद के लिए कुल 22 मंडियों व खरीद सेंटर बनाए गए हैं, जिन पर इस पर 5 लाख 28 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का टारगेट तय किया गया है। मंडियों में फूड सप्लाई विभाग, हैफेड, तथा हरियाणा स्टेट वेयर हाउसिंग खरीद कार्य कर रही है। मंगलवार तक जिले की मंडियों में 322673.2 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।

हिसार जिले की हांसी, नारनौंद, बरवाला, उकलाना, बास, आदमपुर सहित सात मंडियों कुल आवक में से 150825.7 मीट्रिक टन फसल की खरीद ही पाई है। इसके साथ 24473.1 मीट्रिक टन फसल का उठान हुआ। कुल आवक में से 46 फीसद खरीद हुई, जबकि उठान महज 16 फीसद ही रहा। गेहूं के उठान के कारण किसानों तथा आढ़तियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है।

**कहां कितनी आवक व उठान (एमटी में)**

| अनाज मंडी | आवक | खरीद | उठान |
|---|---|---|---|
| हिसार मंडी | 8577.7 | 1950.0 | 2000.0 |
| आदमपुर | 26438.0 | 24177.5 | 5600.0 |
| बरवाला | 95359.0 | 29197.7 | 4509.4 |
| उकलाना | 49220.0 | 27400.0 | 3600.0 |
| हांसी | 39943.2 | 30076.2 | 2500.0 |
| नारनौंद | 81504.0 | 27982.3 | 2600.0 |
| बास | 3771.0 | 10042.0 | 3663.7 |
| **कुल** | **322673.2** | **150825.7** | **24473.1** |

### उठान तय समय में पूरा करने के निर्देश



**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि मंडियों में गेहूं के उठान में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतें और पूरी प्रक्रिया तेज गति से संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि खरीद कार्य में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि उठान कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक के उपरांत उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए यह बात कही। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि मंडियों में अनाज का उठान कार्य तय समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने मंडियों में तैनात नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लगातार निगरानी बनाए रखें। उठान के लिए लगाए गए वाहनों की नियमित मॉनिटरिंग हो। उपायुक्त महेंद्र पाल ने नियमानुसार गेट पास प्रणाली को दुरुस्त रखने तथा बायोमेट्रिक सत्यापन को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए, ताकि खरीद प्रक्रिया बिना किसी बाधा के जारी रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद, बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जमावड़ी में 9 एकड़ में गेहूं की फसल जली

- किसानों का आरोप नाली में पड़े सूखी घास व कूड़े को जलाने से फैली आग
- आरोपी के खिलाफ की कार्रवाई की मांग



हांसी। आग लगने से खेतों में जली गेहूं की फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

निकटवर्ती गांव जमावड़ी में खेत के खाल में पड़ी सूखी घास व कुड़े को जलाने से गेहूं के खेतों में आग लग गई। इससे आसपास नौ एकड़ में खड़ी गेहूं जल कर राख हो गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंच करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किसानों ने शेखपुरा पुलिस चौकी में शिकायत देकर कूड़े के ढेर में आग लगाने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ने बुधवार को खेत के खाल की सफाई करते समय वहां पड़ी सूखी घास व कचरे के ढेर को आग लगा दी। तेज हवा के चलते आग गेहूं के खेतों तक पहुंच गई और हवाओं के कारण बहुत तेजी से खेतों में फैल गई। गेहूं के खेत में आग लगने से जमावड़ी निवासी धीरज की लगभग ढाई एकड़, बलराम के साढ़े चार एकड़, मुकेश व विकास की एक एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। आग की चपेट में कई ट्यूबवेल भी आ गए और धीरज, पाल और कृष्ण के खेतों में रखे इंजन और ट्यूबवेल के उपकरण भी आग की चपेट में आने से खराब हो गए।

### घास में लगाई थी आग

जमावड़ी निवासी विकास ने बताया कि उन्हें दोपहर करीब ढाई बजे पड़ोसियों से खेत में आग लगने की सूचना मिली। सूचना के बाद दमकल विभाग व घायल 112 पर फोन कर मौके पर पहुंच कर देखा कि बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने स्तर पर खेतों में लगी आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। विकास ने आरोप लगाया कि गांव के ही एक पड़ोसी ने अपने खेत के खाल को ठीक करते समय वहां खड़े सूखे घास के ढेर में आग लगा दी थी। उन्होंने बताया कि दिन में चल रही तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैली और आस-पास के गेहूं की फसल तक पहुंच गई। ग्रामीणों का आरोप है कि घास में आग लगाने वाले व्यक्ति ने खेत मालिकों को आग लगने की घटना की सूचना नहीं दी उल्टा अपना फोन बंद कर लिया। आग पर काबू पाने के बाद काफी संख्या ग्रामीण शेखपुरा पुलिस चौकी पहुंचे। ग्रामीणों ने आरोपी किसान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने प्रशासन से आगजनी में हुए नुकसान के लिए उचित मुआवजे की भी गुहार लगाई है।

# स्याहड़वा में नहरी पानी विवाद में किसान को उतारा मौत के घाट, खेत में मिला शव

- पुलिस ने मृतक के खेत के दो पड़ोसियों पर हत्या का केस दर्ज कर छानबीन शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नहरी पानी के विवाद में बुधवार की अलसुबह गांव स्याहड़वा में एक किसान की हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस और सीन ऑफ क्राइम की टीम मौके पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई। मृतक 45 वर्षीय किसान विनोद कुमार के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत में संजय तथा रामपाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

स्याहड़वा निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार अलसुबह करीब अढ़ाई बजे में नहरी पानी की बारी आती है। उसका बेटा विनोद सवां दो बजे खेत में पानी लगाने के लिए मोरी खोलने गया था। करीब साढ़े तीन बजे तक विनोद वापस नहीं आया। इस पर पौती ने बताया कि पानी लगाने गया उसका पिता वापस नहीं आए है। इस पर परिवार को चिंता हुई और वे विनोद को तलाशने खेतों में पहुंच गए। उन्होंने देखा कि विनोद का शव खेत में पड़ा था। विनोद के शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। परिजनों का आरोप है कि नहरी पानी के विवाद के चलते खेत के पड़ोसी संजय तथा रामपाल ने बेहरमी से विनोद की हत्या कर दी। विनोद के दो बेटी और एक बेटा है। उधर, मंगाली पुलिस चौकी से जांच अधिकारी संदीप कुमार के अनुसार परिजनों की शिकायत पर स्याहड़वा निवासी विनोद की हत्या के आरोप में संजय और रामपाल के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के लिए चलाया सघन सर्च अभियान

# बरवाला में डॉग स्क्वॉड, कमांडो टीम व पुलिस ने की चार घरों पर छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विभिन्न पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चला संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई।

इसी क्रम में थाना बरवाला के वार्ड 14 में थाना बरवाला प्रभारी निरीक्षक कर्मजीत के नेतृत्व में डॉग स्क्वाड टीम, स्वेट कमांडो टीम द्वारा सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील व संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी लेते हुए लोगों से बातचीत कर नशे के खिलाफ जागरूक किया। अभियान के तहत सर्चिंग के दौरान वार्ड 14 में रह रहे संदलाना गांव निवासी सोनू को 150 ग्राम गांजा सहित काबू किया गया। बरवाला थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। निरीक्षक कर्मजीत ने बताया कि क्षेत्र में नशा आपूर्ति की सूचना मिलते ही चार विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने रणनीतिक रूप से वार्ड नंबर 14 में चिह्नित किए गए चार संदिग्ध ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। पुलिस की इस मुस्तैदी से नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है। पुलिस टीम का मुख्य फोकस उस सप्लाई चैन को ध्वस्त करना है जिसके जरिए नशे की खेप पहुंचाई जा रही थी। जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य चेहरों को भी बेनकाब किया जाएगा।



### सेंट्रल जेल में बंदी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या


**हिसार।** शहर के दिल्ली रोड स्थित सेंट्रल जेल में बंदी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक कैदी लगभग 35 वर्षीय जींद के ढाकल गांव का इलाकत ने सुबह बाथरूम में फंदा लगाया। वह पिछले एक साल से शस्त्र अधिनियम के मामले में जेल में बंद था। वारदात का पता तब चला जब बुधवार सुबह जेल अधिकारी बंदियों की गिनती कर रहे थे। कारागार प्रशासन ने मृतक के परिजनों को सूचना दी, तब परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार जींद जिले के ढाकल गांव निवासी इलाकत के खिलाफ आजाद नगर थाना पुलिस ने वर्ष 2025 में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। फिर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर केंद्रीय कारागार में भेज दिया। वह लगभग एक साल से कारागार में था। सुबह के समय ब्लाक नंबर 11 में बंद बंदियों की गिनती हो रही थी तो इसी दौरान पता चला कि एक बंदी कम है। उसके बाद ब्लॉक के अंदर जाकर देखा तो बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद था। फिर वार्डर ने अन्य बंदियों की सहायता से दरवाजा तोड़ा तो अंदर इलाकत ने कपड़े से लोहे के जगले में फंदा लगाया हुआ था। मृतक के भाई सोनू ने बताया कि वह मजदूरी करता है और परिवार के साथ सातरोड़ गांव में रहता है।

**रूबरू** विशेष महकमा बनाने या नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए सीएम को लिखा

# माफी नहीं काफी: गलत करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया बोलीं- विभाग के गठन से कसी जा सकेगी मनोरंजन के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता व भ्रामक जानकारी पर नकेल



हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने समाज में बढ़ती अश्लीलता और महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री पर कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसे लोगों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने ऐलान किया कि अब केवल माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, बल्कि गलत काम करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई होगी।

यहां के कबीर छात्रावास में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में रेनू भाटिया ने सिंगर बादशाह प्रकरण का उदाहरण देते हुए कहा कि अक्सर देखा जाता है कि लोग महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हैं या आपत्तिजनक गाने गाते हैं और फिर माफी मांगकर बच निकलते हैं। उन्होंने कहा कि हम प्रयास करेंगे कि यह बार-बार माफी मांगने वाला सिस्टम खत्म हो, जो गलती करे, उसके खिलाफ सख्त एक्शन होना चाहिए। इसको लेकर महिला आयोग ने हरियाणा के मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर एक विशेष महकमा बनाने या एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने की मांग रखी है। इस कदम का उद्देश्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, रील्स और गानों पर नजर रखना है। इस तरह के विभाग के गठन से हरियाणा में मनोरंजन के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता और भ्रामक जानकारी पर नकेल कसी जा सकेगी। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया है कि महिला आयोग अब समाज में सुधार के लिए कड़े फैसले लेने से पीछे नहीं हटेगा। अध्यक्ष रेनू भाटिया ने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ऐसे कई गाने और रील्स वायरल होते हैं जो न केवल महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि समाज को भी भारी हानि पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें एक ऐसे तंत्र की आवश्यकता है जिससे जैसे ही कोई समाज को हानि पहुंचाने वाला कंटेंट सामने आए, हम उस पर तुरंत संज्ञान लेकर एक्शन ले सके। कलाकार मासूम शर्मा के हाल में सामने आए मामले में रेनू भाटिया ने कहा कि देहरादून मामले में वहां की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इसी मामले में मासूम शर्मा को समन भेजकर चंडीगढ़ पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उन्होंने संकेत दिया कि मासूम शर्मा जैसे कलाकारों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

### लिफ्ट लेकर चाकू से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** शहर की 12 क्वार्टर चौकी पुलिस ने राहगीर से लिफ्ट मांगकर उस पर चाकू से हमला करने वाले एक शातिर आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान भारत नगर स्थित दया बस्ती निवासी सुनील उर्फ़ सुंडू उर्फ़ चांडा के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राकेश ने बताया कि इस संबंध में पेशे से फेरी लगाकर कपड़ा बेचने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह फेरी लगाता है। गत 12 अप्रैल की रात करीब 08:30 बजे जब वह अपनी मोटरसाइकिल पर जिंदल चौक फ्लाइओवर के नीचे से गुजर रहा था, तब आरोपी ने उसे रोककर शांति नगर छोड़ने के लिए लिफ्ट मांगी। रास्ते में जब शिकायतकर्ता को महसूस हुआ कि युवक नशे में है तो उसने उसे मोटरसाइकिल से उतरने को कहा। इसी बात पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपी ने अपनी जेब से चाकू निकालकर शिकायतकर्ता के दाहिने हाथ पर वार कर दिया और मौके से फरार हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने जांच करते हुए तकनीकी साक्ष्यों व गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को सेक्टर 1-5 के क्षेत्र से धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात के दौरान इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है।



स्पेशलः वर्ल्ड लिवर-डे, 19 अप्रैल

यकृत (लिवर या जिगर) हमारे पाचन तंत्र का 'पावर हाउस' है। शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का माध्यम भी यही है। ऐसे में अगर इसकी प्रॉपर केयर न की जाए तो कई सीरियस हेल्थ इश्यूज हो सकते हैं। अनहेल्दी लिवर के क्या लक्षण होते हैं, इनसे कैसी समस्याएं हो सकती हैं और लिवर को कैसे हेल्दी रख सकते हैं, इन सभी के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

# लिवर हेल्थ न करें इग्नोर हो सकती हैं गंभीर प्रॉब्लम्स



डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. रणधीर सूद
चेयरमैन-गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

आज के दौर में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और खासकर गलत खान-पान के कारण अनेक लोगों के लिवर पर बुरा असर पड़ रहा है। यही कारण है कि इन दिनों हर आयु वर्ग के लोगों में लिवर से संबंधित समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में लिवर हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है।

## अनहेल्दी लिवर के लक्षण

हालांकि कुछ लोगों के लिवर में खराबी से संबंधित लक्षण देर से सामने आते हैं। लेकिन अगर आप यहां बताए जा रहे लक्षणों में से कुछ को महसूस करते हैं और आपको लंबे समय तक समस्या हो रही है तो इस स्थिति में डॉक्टर से परामर्श करने में देर न करें।

- समय पर या अच्छी तरह दिन में दोनों वक्त भूख न लगना या धीरे-धीरे इसका आकार कम होते जाना।
- पेट में कुछ अंतराल पर या फिर लगातार दर्द होना।
- कुछ अंतराल पर या लगातार पेट में सूजन होना।
- बिना किसी वजह के शरीर का वजन कम होते जाना।
- पैरों में सूजन होना।
- कई दिनों तक बुखार का बना रहना।
- बिना अधिक परिश्रम किए थकावट महसूस करना।
- पीलिया (जॉन्डिस) के लक्षण सामने आना जैसे आंखों, नाखूनों और त्वचा के रंग का पीला होना।
- हमेशा जी मिचलाते रहना।
- अकसर दस्त की समस्या होना।

## लिवर से संबंधित मेन प्रॉब्लम्स

लिवर कैंसर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस और फैटी लिवर को प्रमुख बीमारियों में शुमार किया जाता है।

## लिवर कैंसर

लिवर से संबंधित कोई भी बीमारी जो लंबे समय से जारी हो, वह लिवर कैंसर बन सकती है। लिवर कैंसर के ये प्रमुख कारण हो सकते हैं: हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी। फैटी लिवर डिजीज और एल्कोहलिक लिवर डिजीज।

**ऐसे करें बचावः** अगर लिवर कैंसर का कारण हेपेटाइटिस-बी है, तो इसकी रोकथाम के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर हेपेटाइटिस बी के कारण लिवर में संक्रमण है तो शुरुआती दौर में इसका इलाज संभव है। हेपेटाइटिस-सी के लिए वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसका इलाज संभव है।

अगर एल्कोहलिक लिवर डिजीज के कारण लिवर कैंसर पनप चुका है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले शराब पीना बंद करना जरूरी है, क्योंकि यह समस्या काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने के कारण होती है।



**लाइलाज नहीं है लिवर कैंसरः** सबसे पहले यह पता लगाया जाता है कि लिवर कैंसर की अवस्था (स्टेज) क्या है। ऐसे कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी भी कर सकते हैं या फिर मरीज की स्थिति के मद्देनजर लिवर ट्रांसप्लांट भी किया जा सकता है। अगर कैंसर स्टेज 3 या 4 में है तो इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के जरिए भी इलाज किया जा सकता है।

## लिवर सिरोसिस

लिवर कैंसर के जो कारण हैं, वे लिवर सिरोसिस के संदर्भ में भी लागू होते हैं। यही बात लिवर सिरोसिस की रोकथाम के संदर्भ में भी लागू होती है। खून की वॉमिट होना, आंत में रक्त स्राव होना, पेट में पानी भरना लिवर सिरोसिस के कुछ प्रमुख लक्षण हैं। इसके अलावा मरीज का असामान्य बातें करना, जिसे सहज भाषा में मरीज का 'असामान्य होना' भी कहते हैं। मरीज बेहोश भी हो सकता है। इसके अलावा मरीज के रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर भी गिर जाता है।

**इन पर करें अमलः** लिवर सिरोसिस से ग्रस्त होने पर शराब का सेवन (अगर करते हैं) तुरंत छोड़ देना चाहिए। इसके अलावा लिवर सिरोसिस की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति का इलाज उसकी शारीरिक स्थिति और लक्षणों के आधार पर किया जाता है। लिवर सिरोसिस को दवाओं से नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है, जिसके कारण मरीज की जीवन अवधि बढ़ सकती है।



## फैटी लिवर

अगर लिवर में अत्यधिक वसा कोशिकाएं (फैट सेल्स) संचित हो जाती हैं तो इस स्थिति को फैटी लिवर डिजीज कहते हैं। फैटी लिवर का पता पेट के अल्ट्रासाउंड से लगता है।

**फैटी लिवर के प्रकारः** यह दो प्रकार का हो सकता है- एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज और नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज।

**प्रमुख लक्षणः** दोनों प्रकार की फैटी लिवर की समस्याओं में अकसर पेट से संबंधित तकलीफें महसूस होती हैं। जैसे पेट दर्द, दस्त होना, पेट फूलना, गैस बनना, बदहजमी, भूख कम लगना और कब्जियत आदि।

**कारणः** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर के ज्यादातर मामले अस्वास्थ्यकर खान-पान, नियमित रूप से व्यायाम या शारीरिक श्रम न करने और मोटापे के कारण होता है। जो लोग जंक फूड्स व अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार को प्रतिदिन या अकसर ग्रहण करते हैं, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा बहुत ज्यादा होता है।

इन दिनों युवा वर्ग भी बड़े पैमाने पर नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं, जिसका एक प्रमुख कारण फैटी फूड्स और जंक फूड्स को अपने खान-पान में वरीयता देना है।

**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है-

- जो लोग मोटापे से ग्रस्त हैं या फिर जिनका बॉडी मास इंडेक्स 25 से ऊपर है, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है।
- मोटापे से ग्रस्त जिन लोगों के पेट पर शरीर के अन्य भागों की तुलना में कहीं ज्यादा चर्बी संचित होती है, उन्हें फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है।
- मधुमेह से ग्रस्त लोगों को फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा रहता है। इसलिए ऐसे लोगों को ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखना चाहिए।
- जिन लोगों के रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर ज्यादा है, उनमें भी फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा होता है। इस संदर्भ में डॉक्टर से परामर्श लेकर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट करवाना चाहिए।

**बचाव के उपायः** एल्कोहलिक फैटी लिवर काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने से होता है, जिसकी रोकथाम में सबसे पहले शराब छोड़ना जरूरी है। इसके बाद मरीज को दवाएं भी दी जाती हैं। फैटी फूड्स और जंक फूड्स से जहां तक संभव हो परहेज करें। शारीरिक स्थिति और उम्र के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करें। बेहतर रहेगा कि आप व्यायाम करने से पूर्व इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट और अपने डॉक्टर से परामर्श लें। जो लोग मोटापे के कारण फैटी लिवर की समस्या से ग्रस्त हैं, अगर वे अपने वजन को खान-पान और व्यायाम के जरिए 7 से 10 प्रतिशत तक कम कर लेते हैं तो उन्हें काफी राहत मिल सकती है। अगर जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन करने के बाद भी वांछित परिणाम नहीं मिलते, समस्या बनी रहती है तो फैटी लिवर से छुटकारा पाने के लिए दवाएं दी जाती हैं।







### लिवर को ऐसे रखें स्वस्थ



**मोटापा आपके** लिवर हेल्थ के लिए हार्मफुल है। अपने बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को 25 से ऊपर न जाने दें, इस संदर्भ में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**लिपिड प्रोफाइल जांचः** समय-समय पर डॉक्टर के परामर्श से लिपिड प्रोफाइल जांच कराते रहें ताकि यह पता चल सके कि आपके रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर बढ़ा तो नहीं है। अगर ये स्तर बढ़ा है तो फिर डॉक्टर के परामर्श से दवाएं लें।

**शराब से दूरीः** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार शराब और अन्य मादक पदार्थ लिवर पर बुरा असर डालते हैं।

**ब्लड शुगर करें नियंत्रितः** जो लोग डायबिटिक हैं, वे रक्त शर्करा स्तर (ब्लड शुगर लेवल) को डॉक्टर के परामर्श से नियंत्रित रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि बढ़ा हुआ शुगर लेवल फैटी लिवर और इससे संबंधित समस्याओं के जोखिम को बढ़ाता है।

**हेल्दी लाइफस्टाइलः** इसके अंतर्गत आहार में मौसमी फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों को वरीयता दें। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार प्रतिदिन 20 से 30 मिनट व्यायाम करें, योगासन करें या टहलें।

जंक फूड्स, अत्यधिक चिकनाईयुक्त और मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए। शराब और अन्य मादक पदार्थों से परहेज करें। सोयाबीन, अलसी, ब्रोकली, अखरोट, सीड्स और अंकुरित अनाजों को आहार में वरीयता देना लिवर के लिए लाभप्रद है।

## हेपेटाइटिस की समस्या

लिवर में संक्रमण और सूजन की स्थिति को हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस, वायरल संक्रमण है, जिसके पांच प्रमुख प्रकार हैं- हेपेटाइटिस-ए, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, हेपेटाइटिस-डी और हेपेटाइटिस-ई।

**हेपेटाइटिस ए और ईः** इन दोनों का वायरस दूषित खाद्य पदार्थों और प्रदूषित पेयजल के जरिए व्यक्ति को संक्रमित करता है। इसलिए दोनों हेपेटाइटिस से बचाव के लिए स्वच्छ खाद्य पदार्थ ग्रहण करें और शुद्ध जल पिएं। इन दोनों हेपेटाइटिस में लगभग 1 प्रतिशत मरीज गंभीर स्थिति में पहुंचते हैं। इनसे ग्रस्त लोगों का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। हेपेटाइटिस-ए से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध हैं। अगर समुचित इलाज नहीं कराया गया तो हेपेटाइटिस-ई गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**हेपेटाइटिस-बीः** इससे बचाव के लिए टीका (वैक्सीन) उपलब्ध है। इसके अलावा कुछ दवाओं से इस मर्ज को नियंत्रित किया जा सकता है।

**हेपेटाइटिस-सीः** इसके इलाज में दवाएं काफी हद तक कारगर हैं।

**हेपेटाइटिस-डीः** जिन लोगों को हेपेटाइटिस-बी का संकमण होता है, वही हेपेटाइटिस-डी से ग्रस्त होते हैं। मरीज के लक्षणों के आधार पर इसका इलाज किया जाता है।

## इन बातों पर भी दें ध्यान

- डॉक्टर की सलाह के बगैर पेनकिलर्स या फिर एंटीबायोटिक्स लेना लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह है।
- दिन भर विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए लगभग 3 से 5 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच की मात्रा भर) का सेवन किया जा सकता है। नमक का अधिक सेवन लिवर के लिए नुकसानदेह है।
- ट्रांस फैट्स से बचें। जब तेल में खाद्य पदार्थों को बार-बार तला जाता है तो ऐसे खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट्स की मात्रा बढ़ जाती है। ट्रांस फैट्स से निर्मित खाद्य पदार्थों में अतिरिक्त कैलोरीज होती हैं, जिससे वजन तेजी से बढ़ता है और ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से कालांतर में लिवर की कोशिकाओं पर वसा की परत संचित होने लगती है, जिससे लिवर में सूजन संभव है।
- अत्यधिक शुगर और 'कृत्रिम स्वीटनर्स' युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें, क्योंकि ये कालांतर में लिवर के लिए नुकसानदेह हैं। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

---

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

# अपनी आवाज का रखें ध्यान





विचारों की अभिव्यक्ति से लेकर मनोभावों को जताने तक आवाज जरूरी है। बावजूद इसके आवाज की केयर को लेकर सजगता बहुत कम लोगों में होती है। इस बारे में मेडिकल सलाह लेने को लेकर ज्यादातर सोचा ही नहीं जाता है। हर साल 16 अप्रैल को मनाया जाने वाला **वर्ल्ड वॉयस डे,** ना केवल आवाज के महत्व को समझने बल्कि उचित देखभाल के लिए सजग करने से भी जुड़ा है। इस खास दिन पर पूरी दुनिया में वॉयस रिलेटेड परेशानियों के ट्रीटमेंट और प्रिवेंशन के तरीकों पर चर्चा होती है।

**बोलते समय रखें ध्यानः** आमतौर पर हम औपचारिक मीटिंग या मेलजोल में ही आवाज के पिच का ध्यान रखते हैं। आम जिंदगी में तीखे या तेज स्वर में बोलने के तरीके पर ध्यान ही नहीं दिया जाता। जबकि आवाज की सुरक्षा के लिए बहुत तेज बोलने से परहेज करना सबसे जरूरी है। साथ ही बहुत लंबे समय तक बोलने से भी बचना चाहिए। अगर बोलना जरूरी ही हो तो बीच में पानी पीते रहें। गले को हाइड्रेट रखने से आवाज को नुकसान नहीं पहुंचता। वोकल कॉर्ड्स को स्वस्थ रखने के लिए गले को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है।

**स्पेशलिस्ट की लें हेल्पः** किसी भी तरह का वॉयस डिसऑर्डर आम जिंदगी में कम्युनिकेशन और दूसरी एक्टिविटीज को गहराई से प्रभावित करता है। बचपन से ही किसी को बोलने या उसकी आवाज में परेशानी है तो स्पीच लैंगवेज स्पेशलिस्ट की भी हेल्प ली जा सकती है। ये वॉयस डिसऑर्डर्स का कारण बनने वाले फैक्टर्स को समझने और हेल्दी वॉयस बनाए रखने के तरीकों के स्पेशलिस्ट होते हैं।

**ऐसे रखें वॉयस का खयालः** धूम्रपान, शराब का सेवन और ऊंचे स्वर में बोलना आवाज को नुकसान पहुंचाने वाली आदतें हैं। तंबाकू के धुएं से वोकल कॉर्ड्स में जलन और सूजन की समस्या होती है। निकोटीन और दूसरे केमिकल्स मुंह, नाक, गले और लंग्स की सेहत बिगाड़ते हैं। आवाज अच्छी रखने के लिए ऑर्गंस के इस पूरे सिस्टम का स्वस्थ रहना जरूरी है। ध्यान रहे कि मसालेदार खाने, कोल्ड ड्रिंक्स एवं कैफीन युक्त पेय यानी चाय-कॉफी के अधिक सेवन से भी वॉयस हेल्थ पर दुष्प्रभाव पड़ता है। हाल के वर्षों में बढ़ते प्रदूषण से भी आवाज को नुकसान पहुंच रहा है। वक्त रहते ध्यान ना देने और नुकसान पहुंचाने वाली आदतों को जारी रखने से आवाज अचानक बंद हो जाने की स्थिति भी बन जाती है। बढ़ते पॉल्यूशन के बीच नियमित स्टीम लेना भी वॉयस हेल्थ सही रखने में मदद करता है। इस तरह आपकी आवाज अच्छी बनी रहेगी। *

---



डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# कुछ खाने-पीने में जब गले में हो दर्द



**मेरी उम्र 34 वर्ष है पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खाते-पीते समय मेरे गले में दर्द होता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक हो सकती है?**

**-पुनीत, बिलासपुर**

हालांकि इस समय मौसम में उतार-चढ़ाव बहुत हो रहा है। इस वजह से वायरल संक्रमण की समस्या तमाम लोगों में देखी जा रही है। अगर ऐसा हो रहा है तो आपको गर्म पानी में नमक डालकर सुबह-शाम गरारा करना चाहिए। अगर इससे आराम नहीं मिलता तो जरूर आपको एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। फिलहाल आप फ्रिज में रखी कोई भी ठंडी चीज बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मैं दिन भर में 8-10 ग्लास पानी पी लेता हूं, फिर भी मेरा गला बार-बार सूखता रहता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आयुष, रायपुर**

यह समस्या आपको पूरे साल रहती है या केवल गर्मियों में रहती है, आपने यह नहीं बताया। क्योंकि कई लोगों को प्यास अधिक लगती है और प्यास लगने पर गला सूखता है। लेकिन गर्मियों में ही यह समस्या देखी जाती है। अगर गर्मियों में ही ऐसा होता है तो चिंता की कोई बात नहीं है। अगर पूरे साल ऐसा लगता है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से बिना किसी कारण के ही मेरा मन हमेशा उदास रहता है। अकसर चिड़चिड़ापन और गुस्सा आता रहता है। क्या ये डिप्रेशन के लक्षण हैं? बताएं, ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कौशल, हिसार**

यह समस्या आपको क्यों हो रही है, सबसे पहले इसका कारण ढूंढ़ना जरूरी है। आप यह देखें कि पिछले कुछ समय में जीवन में ऐसा क्या खास हुआ है? जो भी नई समस्या आई है तो उसका समाधान निकालें। अगर ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो जरूर आपको एक बार मनोरोग चिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। वे आपको प्रॉपर गाइड करेंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क करे, अपने मन से कोई भी दवाई ना खाएं।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। रोज सुबह जब मैं सोकर उठता हूं तो कुछ देर तक पीठ और कमर में जकड़न फील होती है। ऐसा क्यों होता है? कृपया मेरी इस समस्या का स्थाई समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-महेंद्र, ईमेल से**

यह समस्या उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनकी मसल्स कमजोर होती हैं। उनको सुबह उठने पर अकड़न रहती है। इससे निजात पाने का स्थाई तरीका यह है कि आप सुबह-शाम कमर की एक्सरसाइज करें। इसके लिए आपको किसी फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। साथ ही दूध और दूध से बने प्रोडक्ट्स का सेवन अधिक से अधिक करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। मुझे पिछले कुछ महीनों से लगातार खांसी आ रही है और सांस लेने में भी प्रॉब्लम हो रही है। पहले मैं स्मोक करता था, लेकिन दो साल पहले वो भी छोड़ चुका हूं। फिर ऐसा क्यों हो रहा है? प्लीज मेरी प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जसवीर, रोहतक**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि जैसा आप बता रहे हैं कि पहले आप स्मोक करते थे। कई बार ऐसे लोगों को लंग्स में दिक्कत हो जाती है। कई बार हार्ट में प्रॉब्लम की वजह से भी ऐसा होता है। इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

योगोपचार
दिव्यज्योति 'नंदन'

आमतौर पर सूर्य नमस्कार को सर्दी के मौसम में करना अधिक लाभकारी माना जाता है। लेकिन इन दिनों की हल्की गर्मी में भी आप इसका अभ्यास कर सकते हैं। इससे क्या लाभ मिलेंगे और इसे करते समय क्या सावधानियां बरतें, जानिए।

# हल्की गर्मियों में भी लाभकारी सूर्य नमस्कार

सर्दियों में ही नहीं हल्की गर्मियों में भी सूर्य नमस्कार, उपयोग की दृष्टि से लाभकारी योगासन माना जाता है। अप्रैल के महीने में कई तरह के संक्रमणों की आशंका रहती है। न तो यह पूरी तरह से तपिश वाली गर्मी का महीना होता है और न ही ठंड होती है। ऐसे में इस समय सर्दियों की जड़ता से निकलकर शरीर गर्मी के लिए अनुकूलित होने की कोशिश करता है। यही वह समय होता है, जब सूर्य नमस्कार के जरिए आप अपने शरीर को न केवल तात्कालिक तौर पर बल्कि समूची गर्मियों के लिए स्वस्थ और अनुकूल बना सकते हैं। यह केवल योगासन नहीं है बल्कि यह 12 योग मुद्राओं का ऐसा समुच्चय है, जिसे करने से शरीर का हर अंग सक्रिय हो जाता है।

**इन दिनों इसलिए है फायदेमंदः** अप्रैल के महीने में ही हमारा शरीर आगे की तेज गर्मियों के लिए तैयार होता है। ऐसे में यह योगासन, गर्मियों के लिए शरीर को तैयार करने में मददगार साबित होता है। अप्रैल के महीने में तापमान धीरे-धीरे बढ़ता है इसलिए शरीर भी उसके अनुसार ढल जाता है, जबकि आगे के महीनों में तापमान काफी तेजी से बढ़ता है।

**मिलते हैं कई लाभः** अप्रैल में सूर्य नमस्कार करने से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ती है और शरीर की हीट टोलरेंस को बढ़ाने में यह आसन मददगार होता है। इसी से शरीर की पसीने की प्रक्रिया भी सक्रिय होती है। इस तरह गर्मियों में होने वाली थकान और डिहाइड्रेशन की समस्या सूर्य नमस्कार के कारण कम हो जाती है, क्योंकि इस मौसम में शरीर को विटामिन डी की काफी ज्यादा जरूरत होती है और अप्रैल माह की सुबह की धूप विटामिन डी का सबसे अच्छा स्रोत होती है। इस महीने में नियमित सूर्य नमस्कार आसन करने से शरीर की जैविक घड़ी भी संतुलित रहती है।




**होता है फुल बॉडी वर्कआउटः** सूर्य नमस्कार अकेला ऐसा आसन है, जिससे फुल बॉडी वर्कआउट का लाभ मिलता है। क्योंकि इस आसन में शामिल 12 अवस्थाएं हमारी मांसपेशियों को खींचती हैं, जोड़ों को मजबूत करती हैं और रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाती हैं।

**मिलते हैं कई अन्य लाभः** इस आसन के जितने प्रत्यक्ष लाभ हैं, उससे कहीं ज्यादा अप्रत्यक्ष लाभ भी हैं, जैसे इसे नियमित करने से हमारा मेटाबॉलिज्म तेज होता है। कैलोरीज तेजी से बर्न होती हैं और पेट की चर्बी घटती है। यही नहीं सूर्य नमस्कार मानसिक संतुलन और तनाव मुक्ति में भी मददगार है। इससे दिमाग शांत रहता है, फोकस बढ़ता है और एंजाइटी कम होती है।

**विभिन्न अवस्थाएंः** सूर्य नमस्कार में जैसा कि हम जानते हैं 12 अवस्थाएं होती हैं और ये सभी अवस्थाएं अपने आपमें एक योगासन का प्रतिनिधित्व करती हैं। सूर्य नमस्कार में शामिल ये अवस्थाएं हैं- प्रणामासन, हस्तउत्तान आसन, पादहस्तासन, अश्व संचालनासन, दंडासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन। यही अवस्थाएं दोहराव के साथ भी होती हैं और इन सभी अवस्थाओं से शरीर के हर अंग की स्ट्रेचिंग हो जाती है, ये अच्छी तरह से सक्रिय भी हो जाते हैं।

**बरतें कुछ सावधानियांः** अप्रैल के महीने में सूर्य नमस्कार करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है।

- इस मौसम में सूर्य नमस्कार के लिए सबसे जरूरी है सही समय का चयन। सुबह 5:30 से 7:30 के बीच यह करने के लिए सबसे अच्छा समय होता है।
- इसे ऐसी जगह करना चाहिए, जहां सूर्य की किरणें सीधे आपके शरीर पर पड़ें।
- सूर्य नमस्कार हमेशा खाली पेट करना चाहिए।
- इन दिनों सूर्य नमस्कार करते समय शरीर में पानी का संतुलन बनाए रखना चाहिए। क्योंकि अप्रैल में डिहाइड्रेशन जल्दी होता है, इसलिए अभ्यास के बाद पर्याप्त पानी पीना जरूरी है।
- जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो, हृदय रोग हो, कमर या रीढ़ की गंभीर समस्या हो या किसी गर्भवती महिला को सूर्य नमस्कार करना हो तो उससे पहले अपने डॉक्टर या प्रशिक्षित अनुभवी योग गुरु से सलाह ले लेनी चाहिए। *

## खबर संक्षेप

### जीरी मंडी से गेहूं चुराता युवक रंगे हाथ दबोचा

**बरवाला।** जीरी मंडी में से गेहूं की चोरी करते हुए एक युवक को मुनीम हरिकेश और आढती विक्की असीजा ने रंगे हाथों धर दबोचा। इस युवक के कब्जे से चोरी शुदा लगभग 40 किलो गेहूं बरामद हुई। युवक की मौके पर मौजूद लोगों द्वारा धुनाई की गई और इस युवक ने माफी मांग कर अपना पिंड छुडाया। यह युवक नशे का सेवन किए हुए था और नशे का आदी था।

### चोरी की बाइक सहित एक आरोपी पकड़ा

**हांसी।** एवीटी पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को काबू कर चोरी की बाइक बरामद की है। आरोपी की पहचान फतेहाबाद जिले के गांव धारसूल कलां निवासी प्रवीन के रूप में हुई है। एवीटी स्टाफ हांसी में तैनात मुख्य सिपाही संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस टीम बरवाला पुल बाइपास के समीप गश्त व चेकिंग कर रही थी। कि इसी दौरान एक बिना नंबर प्लेट के बाइक आती दिखाई दी तो पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया लेकिन वह अचानक से बाइक को पीछे मोड़ कर भागने लगा। जिस पर पुलिस टीम ने पीछा कर उसे काबू बाइक की जांच करने पर वह भूना थाना में दर्ज चोरी के मामले से संबंधित है।

### अवैध देसी शराब की 23 बोतल के साथ दो काबू

**हांसी।** पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान घिराए निवासी राजेश उर्फ राजू व हनुमान कालोनी हांसी निवासी विक्रम के रूप में हुई है। भाटला चौकी में तैनात मुख्य सिपाही जयवीर ने बताया कि पुलिस टीम ने घिराए निवासी राजेश उर्फ राजू संदेह के आधार पर काबू कर उसकी तलाशी ली और उसके पास से 13 बोतल देशी ठेका शराब बरामद हुई। वहीं दूसरी ओर शहर थाना पुलिस एमटी तालाब के पास से हनुमान कॉलोनी निवासी विक्रम को 10 बोतल अवैध देशी शराब के साथ काबू किया।

### सरेआम सट्टा खाईवाली करते एक गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए-1 हांसी की टीम ने सरेआम सट्टा खाईवाली करने वाले एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान लाल सड़क निवासी तिलक के रूप में हुई है। एएसआई राजेंद्र ने बताया कि गश्त पड़ताल के दौरान सूचना मिली थी कि लाल सड़क निवासी तिलक, राधा स्वामी आश्रम के पास सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना के आधार पुलिस ने मौके पर पहुंच शक के आधार पर वहां खड़े युवक की शक के आधार तलाशी ली तो तलाशी के दौरान उसके कब्जे से सट्टा लिखने का कागज, एक बॉल पेन तथा 21,100 रुपये की नगदी बरामद हुई।

### पीओ स्टाफ ने उद्घोषित आरोपी किया काबू

**नारनौंद।** पीओ स्टाफ ने एक उद्घोषित आरोपी प्रदीप निवासी सुलचानी को गिरफ्तार किया है, जिसको कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया हैं। पुलिस के अनुसार आरोपित के खिलाफ थाना नारनौंद में चोरी के मामले में पहले से मामला दर्ज था और उसे अदालत में पेश किया गया था। बाद में आरोपित ने अदालत में पेश नहीं हुआ, जिस पर अदालत ने पांच मार्च 2026 को उसे उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया।

### 4.59 ग्राम चिट्टे व अन्य सामान समेत युवक धरा

**नारनौंद।** पुलिस की टीम ने नशीला पदार्थ चिट्टा सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव लोहारी राघो निवासी रामभगत के रूप में हुई हैं। उप निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान राजथल से नारनौंद सड़क मार्ग पर गांव भैणी अमीरपुर टी-प्वाइंट पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि रामभगत निवासी लोहारी राघो मोटर साइकिल से नारनौंद से लोहारी राघो की तरफ जाएगा। जो कि नशीला पदार्थ लिए हुए हैं। पुलिस टीम ने तुरंत नाकाबंदी कर दी। कुछ समय बाद एक युवक आता दिखाई दिया, जिसने पुलिस नाकाबंदी को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन घबराहट में उसकी मोटरसाइकिल बंद हो गई।

## श्रीमद भागवत कथा सुनकर झूमने लगे श्रद्धालु

# प्रभु श्रीकृष्ण की बाललीला संताप से मुक्ति दिलाती है

- सेक्टर 9-11 के शिव मंदिर में पिछले पांच दिन से चल रही श्रीमद भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्रीमद भागवत कथा में श्री श्री 1008 श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य त्रिदंडी स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व गोवर्धन पूजा से रूबरू करवाया। सेक्टर 9-11 के शिव मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वृतांत सुनकर लोग आनंदित होकर झूमने लगे। इसके साथ ही गोवर्धन पूजा करते हुए भक्तों को अलग ही अनुभूति हुई। इस दौरान पूरा पंडाल जय श्री कृष्णा के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। वृंदावन से पहुंचे कथा व्यास त्रिदंडी स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज ने प्रवचन में बताया कि प्रभु श्रीकृष्ण की बाललीला का आस्वादन करना आनंदवर्धक और कल्याणकारी है। इससे पाप व संताप से मुक्ति मिलती है और चित्त को शुद्ध करते हुए काम, क्रोध व लोभ दूर होते हैं। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण ने बाल लीलाएं करते हुए गायों को चराया, बांसुरी बजाई, मटकी से मक्खन निकालकर खाया और मां यशोदा के साथ अठखेलियां की। त्रिदंडी स्वामी सुदर्शनाचार्य ने कहा कि इतना सुलभ्य भगवान अन्यत्र कहीं हो ही नहीं सकता।



हिसार। वि मंदिर में प्रवचन देते त्रिदंडी स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज।

### लगन लग जाए तो सिर्फ भगवान चाहिए

कथा व्यास गुरु त्रिदंडी स्वामी सुदर्शनाचार्य ने समझाया कि हर भक्त की यही कामना होती है कि भगवान की अनुकंपा से वाणी प्रभु का गुणगान करती रहे और कान हमेशा आपके चरित्र को श्रवण करते रहें। इसके साथ ही हाथ हमेशा आपकी सेवा में संलग्न रहे और आपकी स्मृति हमेशा बनी रहे। इतना ही नहीं हमारा मस्तक सदैव आपके चरणों की वंदना करता रहें और नेत्र सदैव आपके दर्शन करते रहें। उन्होंने कहा कि जिसे भगवान के प्रति लगन लग जाती है फिर उसे भगवान के अलावा कोई नहीं चाहिए होता। कथा के पांचवें दिन विक्रम जिंदल, संजीव मित्तल, सुरेश कुमार गोयल, उदार शंकर, सुशांत भारद्वाज, रमेश गोयल, निरंजन गर्ग, राजेश गर्ग, रजनीश त्रिवेदी, रमेश मित्तल, डॉ. दिनेश भारद्वाज व आचार्य शिवनारायण विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान सेक्टर 9-11 के शिव मंदिर से जुड़े पदाधिकारी व सेक्टरवासी भी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## पुरुषोतम एक्सप्रेस का हिसार तक विस्तार के लिए लिखा पत्र

**हिसार।** जिला ब्राह्मण सभा कार्यकारिणी की मंगलवार को बैठक का आयोजन जहाज पुल स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में किया गया। बैठक जिला ब्राह्मण सभा अध्यक्ष रतनलाल शर्मा की प्रधानता में आयोजित की गई। इस दौरन बैठक में आपसी विचार विमर्श कर पुरुषोतम एक्सप्रेस रेलगाड़ी का हिसार तक विस्तार किए जाने पर चर्चा की गई। ब्राह्मण सभा जिलाध्यक्ष रतनलाल शर्मा ने बताया कि इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से रेल विस्तार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी, विधायक सावित्री जिंदल, महाप्रबंधक उत्तर प्रदेश पश्चिम रेलवे जयपुर, मंडल रेल प्रबंधक बीकानेर, केंद्रीय रेल मंत्री, सांसद नवीन जिन्दल, राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा को पत्र लिखा गया जिसमें प्रधानमंत्री से पुरुषोतम एक्सप्रेस का हिसार तक शीघ्र विस्तार किए जाने की अपील की गई। इस दौरान उपप्रधान छाजूराम शर्मा, कोषाध्यक्ष कुलभूषण शर्मा, सह-सचिव शिव शंकर शर्मा, राजेन्द्र अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

## श्री काली देवी विद्या मंदिर स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परीक्षा परिणाम 100 फीसदी

- छात्र पारस खेड़ा ने 98 .2 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया
- मन्ननवीर ने 97 .6 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी में सीबीएसई कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम अत्यंत शानदार रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

विद्यालय के छात्र पारस खेड़ा ने 98.2 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मन्ननवीर ने 97.6 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि लतिका ने 97.4 फीसद अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल प्राचार्या गीता मेहता ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 56 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक एवम् 124 विद्यार्थियों 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों की मेहनत तथा शिक्षकों व अभिभावकों के समर्पण का प्रमाण है। विद्यालय की प्रबंधक समिति एवम् प्राचार्या गीता मेहता ने इस शानदार उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। प्राचार्या ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा।



हांसी। शानदार परीक्षा परिणाम लेने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## एसडी मॉडर्न के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**हांसी।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, द्वारा मान्यता प्राप्त एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल का सत्र 2025-26 का बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि प्रथम स्थान मिष्टी गोयल 97.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर प्रेक्षा जैन 96.8 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर समृद्धि 95.6 प्रतिशत, चौथे स्थान पर सागर 95 प्रतिशत, पांचवें स्थान पर अंश, कुश छाबड़ा, वंशिका , 93.8 प्रतिशत, छठे स्थान पर राहुल 93.4प्रतिशत, सातवें स्थान पर भविष्य 92.4 प्रतिशत, आठवें स्थान पर खुशांत 91. 8 प्रतिशत, नौवें स्थान पर राधिका 90.4 प्रतिशत दसवें स्थान पर हर्षिका व दिव्या रानी ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। हिंदी में अधिकतम अंक मिष्टी गोयल ने 98, अंग्रेजी मे मिष्टी गोयल ने 98, गणित में सागर व प्रेक्षा जैन ने 95, विज्ञान में समृद्धि व प्रेक्षा जैन ने 98, सामाजिक विज्ञान मिष्टी गोयल 97 तथा कम्प्यूटर में रिद्धि, दिव्या रानी व भविष्य ने 100 अंक प्राप्त किये। इस शानदार परीक्षा- परिणाम के लिए विद्यालय प्रबन्धक समिति प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चन्द्रभान गर्ग व सेक्रेटरी रजत अग्रवाल व प्राचार्या ऋतु सिंह ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी है।

## आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर के विद्यार्थी छाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सीबीएसई द्वारा बुधवार को घोषित किए गए 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। प्रिंसिपल नितीश मिश्र ने बताया कि इस वर्ष स्कूल के 71 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी थी, जिनमें से 5 विद्यार्थियों ने 95 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 14 विद्यार्थियों ने 90 फीसद से ऊपर अंक हासिल किए। विद्यालय की टॉपर प्रिया ने 98.2 फीसद अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि विषयवार प्रदर्शन में प्रिया ने सामाजिक विज्ञान में 100 फीसद अंक हासिल किया। कंप्यूटर साइंस विषय मे कनिका, प्रिया, मानसी, लक्ष्य, निकिता, अमन, प्रीति, भारत, पीयूष, काजल, पीयूष साहिल ने 100 अंक प्राप्त किए।

## कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन ने दिलाई सफलता

# हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

- रमन ने 95 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर से अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100 फीसद परिणाम हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

यह जानकारी देते हुए स्कूल प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बताया कि विद्यालय के छात्र रमन ने 95 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे विद्यालय को गौरवान्वित किया है। वहीं द्वितीय स्थान पर रही इंशा ने 91 फीसद अंक हासिल किए। हंसिका ने 90 फीसद अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने इस वर्ष शानदार प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप पूरे स्कूल का रिजल्ट 100 फीसद रहा। उन्होंने बताया कि स्कूल यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बधाई दी देते हुए कहा कि इस शानदार परिणाम के साथ हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में अपनी मजबूत पहचान बनाए हुए है और निरंतर सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।



दसवीं कक्षा में स्कूल में प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले रमन व हंसिका

## देश एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना

# मंदिरों की धार्मिक परंपराएं समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं : न्यायमूर्ति

- मंदिर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

कोलकाता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश कुमार शर्मा ने पत्नी विशाखा शर्मा संग बुधवार को अपने पैतृक नगर हांसी पहुंचकर प्राचीन विष्णु भगवान मंदिर व श्री काली देवी मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया।

इस अवसर पर मंदिर परिसर में पंडित पुरुषोत्तम जोशी व कैलाश जोशी द्वारा विशेष पूजा-अर्चना करवाई गई, जिसमें न्यायमूर्ति शर्मा ने भगवान विष्णु के समक्ष देश एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर ट्रस्ट के सचिव प्रवीण बंसल व प्रबंधक रतन कुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि अपने जन्मस्थान आकर उन्हें आत्मिक शांति की अनुभूति होती है और प्राचीन मंदिरों की धार्मिक परंपराएं समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं। उन्होंने मंदिर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत की सराहना भी की। इस दौरान ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष घनश्याम गर्ग, नरेश खरड़िया, भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय महामंत्री कमलेश गर्ग, डॉक्टर सुनील शर्मा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद मनजीत सिंह जांगडा, सुरेश गुप्ता, नवीन लोहिया, विपिन बाबा, मोहित गुप्ता, पूर्व बंसल, विकास जैन, हांसी न्यायालय के नाजर पंकज गोयल व रमेश कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित रहे।



हांसी। कोलकाता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश कुमार शर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते मंदिर प्रबंधन समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए जरूर लगवाएं टीका

- बीमारी से बचाने को सरकार की तरफ से मुफ्त टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

नारनौंद अस्पताल के एमओ डॉक्टर यशपाल सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए सरकार की तरफ से मुफ्त में टीकाकरण किया जा रहा हैं। इसके लिए लगातार किशोरियों को जागरूक भी किया जा रहा है कि वह यह टीका लगवाकर इस गंभीर बीमारी से बच सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे टीकाकरण अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाता हैं कि जो गंभीर बीमारियां फैल रही हो। ऐसे ही आजकल किशोरियों में सर्वाइकल कैंसर की बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता हैं। लड़कियों की शादी के बाद ये बीमारी होने की संभावना ज्यादा बढ़ जाती हैं। इस पर पूर्ण रूप से रोकथाम लगाने के लिए सरकार प्रयास कर रही हैं। डॉ. यशपाल सिंह ने बताया कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर के बचाव के लिए लगाई जा रही है। यह पूरी तरह से सुरक्षित है और यह टीका लगवाने के बाद काफी हद तक इस बीमारी पर रोक लगेगी। इसलिए यह टीका जरूर लगवाएं। इस टीके का कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है।

### आरबीएसके टीम ने बच्चों को दी नई जिंदगी

**हांसी।** स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत हांसी में कार्यरत टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य सुधार और जन्मजात बीमारियों के उपचार में उल्लेखनीय कार्य किया है। सीएमओ डॉ राहुल बुद्धिराजा ने वर्ष 2025-26 के दौरान टीम द्वारा किए गए स्क्रीनिंग एवं उपचार कार्यों का विवरण साझा करते हुए बताया गया कि कई बच्चों की समय रहते पहचान कर उपचार उपलब्ध कराया गया, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

## न्यूज डायरी



### बाबा साहेब की बदौलत देश में कानून का शासन

**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बार लाइब्रेरी में स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर उनकी जयंती के उपलक्ष्य में माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने भारतीय संविधान की प्रति को नमन करते हुए देश के कानून और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बार एसोसिएशन के निवर्तमान प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा, निवर्तमान सचिव एडवोकेट समीर भाटिया, पूर्व प्रधान एडवोकेट मोहित अरोड़ा और एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने डॉ. अंबेडकर को 'आधुनिक भारत का पितामह' की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से पूरे देश को एक सूत्र में पिरो दिया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज भारत की जो संप्रभुता, एकता और अखंडता है वह संविधान की ही बदौलत संभव हुई है। बूरा ने कहा कि भारतीय संविधान आम नागरिक के अधिकारों का सबसे बड़ा रक्षक है जो जन्म से लेकर मृत्यु तक सम्मान के साथ जीने की गारंटी देता है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान एडवोकेट मोहित अरोड़ा, पूर्व प्रधान बंसीलाल गोदारा, एडवोकेट समीर भाटिया, एडवोकेट विकास पूनिया, सुनील भारद्वाज, एडवोकेट सुनील सोनी, एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, प्रवीण दहिया, प्रदीप बाजिया, पुनीत गोयल, निशु बराड़, कुसुम प्रजापति, विनोद कसवां, चन्द्रहंस पोली, प्रसिद्ध नैन, सुनील डारा बिश्नोई व बजरंग इंदल व अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।



### आंबेडकर के विचारों से ही समानता संभव

**हिसार।** जिले के फरीदपुर गांव स्थित रविदास चौपाल एवं पंचग्रामी गांव पाबड़ा में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया मुख्य अतिथि रहे। ग्रामीणों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। फरीदपुर में कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। अपने संबोधन में बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के लिए समर्पित था और हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में भाईचारे व समान अधिकारों को मजबूत करना होगा। कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से प्रधान पंचग्रामी डॉ. आंबेडकर सभा जगदीश किनाला, इंटक जिला प्रधान जोरा सिंह, मास्टर दलबीर किनाला, बंसी प्रधान किनाला, गुरु रविदास सभा प्रधान पाबड़ा राजेश, महेंद्र खैरी, रमेश खैरी, राजेश खैरी, मास्टर कृष्ण फरीदपुर, डॉ. सुरेश फरीदपुर, डॉ. ईश्वर किनाला, डॉ. दयानंद किनाला सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### गांव लाडवा में मनाई बाबा साहेब की 135वीं जयंती

**हिसार।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन की ओर से गांव लाडवा में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में जिला परिषद के सीईओ एचसीएस सुभाष चंद्र मुख्य अतिथि रहे जबकि दयानंद कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. महेंद्र सिंह, एडवोकेट जिले सिंह, प्रदीप अम्बेडकर व गांव के सरपंच रामफल पूनिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि सुभाष चंद्र ने कहा कि बाबा साहेब ने समानता के साथ सभी को सम्मान, सुरक्षा और सद्भावना से जीने का अधिकार देकर आधुनिक भारत की नींव रखी। इस अवसर पर संगठन के प्रधान रोहताश, सदस्य सुशील, मनीष, सतीश, मनोज मास्टर, नरेश, सुनील, अनिल, नवीन, जसबीर, मनोज, सुरेश, सचिन, विक्रम व संदीप सहित गांव के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### आगजनी से हुए नुकसान की भरपाई की मांग

**उकलाना।** एक दुकानदार के घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में भारी नुकसान होने के बाद जनरल स्टोर एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुकानदारों ने सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। बताया गया कि स्थानीय दुकानदार विनय कुमार के घर में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिससे घर में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया और लगभग 10 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। इस घटना के बाद क्षेत्र के दुकानदारों में चिंता का माहौल है। बैठक में सर्व व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष महेंद्र दहमनिया, प्रधान विजय मंगल, उप प्रधान हरीश जैन, सचिव सुशील सिंगला, जयकुमार, महिपाल, नरेंद्र गर्ग, दिनेश, प्रिंस, रोहित गोयल, मनजीत, ललित, सुभाष सहित काफी संख्या में दुकानदार मौजूद रहे।

### 25 विद्यार्थियों को एसपी ने किया सम्मानित

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में डीएवी स्कूल के 25 विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र प्रदान सम्मानित कर किया। विद्यालय प्राचार्य सुरेश कुमार बोदला ने बताया कि यह सम्मान उन विद्यार्थियों को दिया गया है, जिन्होंने देश की सीमाओं पर तैनात सेना के जवानों के लिए रक्षाबंधन और दीपावली के अवसर पर राखियां एवं शुभकामना कार्ड बनाकर भेजे थे। उल्लेखनीय है कि आर्मी कैंट अंबाला में 6 अप्रैल को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में देशभर से ऐसे विद्यालयों का चयन किया गया, जिन्होंने सैनिकों के प्रति प्रेम और सम्मान में संदेश भेजे थे। उन्होंने बताया इस कार्यक्रम में हांसी जिले से एकमात्र विद्यालय के रूप में डीएवी पब्लिक स्कूल (डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली के अधीन) का चयन हुआ। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किए जाने पर विद्यालय प्रशासन एवं अभिभावकों ने उनका आभार व्यक्त किया।

### नए नियमों से किसान और व्यापारी खुश : सैनी

**बरवाला।** बरवाला शहर की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक जोरों पर है। अनाज मंडियां गेहूं के ढेरों से अटी पड़ी है। मार्केट कमेटी चेयरमैन प्रवीण सैनी ने बताया कि अनाज मंडियों में अब तक 13265 किसान गेहूं लेकर आ चुके हैं और 13265 किसानों का गेट पास कट चुका है तथा दस हजार 550 किसानों की बायोमेट्रिक हो चुकी है। अनाज मंडियों में आठ लाख एक हजार 685 क्विंटल गेहूं आ चुकी है। जिसमें से 2 लाख 32 हजार 25 क्विंटल गेहूं का उठान हो चुका है। चेयरमैन प्रवीण सैनी ने कहा कि गेहूं की फसल जल्दी आने के कारण ट्रांसपोर्ट की वजह से गेहूं के उठान में थोड़ी सी दिक्कत आई थी। अब सुचारू रूप से गेहूं का उठान हो रहा है। नए नियमों से किसान और व्यापारी खुश हैं। इन नियमों से किसानों और व्यापारियों को कोई दिक्कत नहीं आ रही है।

### पवन सिंगला प्रधान व संजय अग्रवाल सचिव बने

**हिसार।** लायंस क्लब हिसार सिटी 321-ए3 की वर्ष 2026-2027 की कार्यकारिणी का गठन किया गया। नव नियुक्त कार्यकारिणी में लॉयन पवन सिंगला को प्रधान, लॉयन संजय अग्रवाल को सचिव व लॉयन दर्शन खुराना को कोषाध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी ने आगामी वर्ष में क्लब के कार्यों को आगे बढ़ाने और उसमें निरंतर प्रगति करने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### सीटू का डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन आज

**हिसार।** सीटू से जुड़े मजदूर संगठन 16 अप्रैल को अपनी मांगों को लेकर डीसी कार्यायल पर प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के माध्यम से एनसीआर के लिए एक समान न्यूनतम वेतन की मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इसके अलावा मानेसर आंदोलन में गिरफ्तार मजदूरों की रिहाई की मांग की जाएगी। यह जानकारी देते हुए सीटू जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार व जिला सचिव मनोज कुमार ने कहा कि सरकार व प्रशासन मजदूरों की खराब हालत को सुधारने के लिए कदम उठाए। अभी तक उसका रुख मजदूरों का दमन करने का रहा है।

### एफसी कॉलेज की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय की स्नातकोत्तर हिन्दी की छात्राओं ने पाठ्यक्रम से संबधित जानकारी प्राप्त करने के लिए डोरेक्स ऑफसेट प्रिंटर्स में शैक्षणिक भ्रमण किया। प्रिंटिंग प्रेस के ग्राफिक डिजाइनर ने छात्राओं को मुख्य प्रिंटिंग मशीन हाइडेलबर्ग के बारे में पूर्ण जानकारी देते हुए किसी किताब के शुरू से लेकर पूर्ण तैयार होने तक की क्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस भ्रमण में महाविद्यालय की 26 छात्राओं के साथ तीन प्राध्यापिकाएं शामिल थी।

### शांति निकेतन स्कूल में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**आदमपुर।** शांति निकेतन स्कूल में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों के लिए इंटरहाउस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। प्रतियोगिता पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सेव एनवायरनमेंट पर आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में गांधी हाउस, लक्ष्मीबाई हाउस, टैगोर हाउस एवं विवेकानंद हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न संदेशों को सुंदर एवं रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपने चित्रों के जरिए प्रकृति के संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा हरित भविष्य के महत्व को प्रभावी ढंग से दर्शाया।

### उमरा में जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**हांसी।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की प्रचार मंडली द्वारा बुधवार को उमरा गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र भवन में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमलेश रानी ने की। इस अवसर पर गांव की अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार भजन पार्टी लीडर की प्रचार मंडली ने केंद्र एवं हरियाणा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं गीतों के माध्यम से प्रभावी ढंग से दी। मंडली द्वारा प्रस्तुत गीत नारी शक्ति देश की शक्ति, बीजेपी ने दिया जणा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम भाजपा ने दिया बणा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

### कोटा निर्धारित करवाने को लेकर प्रदर्शन आज

**हांसी।** हरियाणा केश कला के पूर्व चेयरमैन व झारखंड नेशनल कॉर्डिनेटर कांग्रेस ओबीसी डिपार्टमेंट प्रभारी योगेंद्र योगी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को राजनीति से दूर रखने का प्रयास कर रही है जिस प्रकार से संसद सत्र को तीन दिन के लिए जल्दबाजी में बढ़ाया गया है उससे सरकार की नीयत में खोट नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल को दिल्ली जंतर मंतर पर कांग्रेस ओबीसी डिपार्टमेंट और एससी डिपार्टमेंट संयुक्त रूप से धरना देकर महिला आरक्षण कोटे में कोटा देने की मांग देंगे। धरने में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अनिल जयहिंद, राजेंद्र पाल गौतम, जितेंद्र बघेल, सुभाषिनी यादव राष्ट्रीय सचिव एवं सभी ओबीसी सांसद अपनी मांग को लेकर बैठेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## साइबर फ्रॉड के खिलाफ पुलिस का रुख सख्त, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

# हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों पर तुरंत दर्ज होगी एफआईआर: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने साइबर फ्रॉड मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसे मामलों में तुरंत एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि साइबर हेल्पलाइन 1930 या पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाली धोखाधड़ी की शिकायतों पर बिना किसी देरी के तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन जिला पुलिस कार्यालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में साइबर अपराध की रोकथाम और लंबित शिकायतों की समीक्षा बारे आयोजित बैठक में निर्देश दे रहे थे। उन्होंने साइबर अपराध की बढ़ती चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए जांच अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए और कहा कि जांच प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में निर्देश दिए गए कि जैसे ही साइबर फ्रॉड की सूचना मिले, तुरंत संबंधित बैंक नोडल अधिकारियों से संपर्क कर ठगी गई राशि को फ्रीज करवाया जाए ताकि पीड़ित का पैसा वापस मिल सके।


हिसार। बैठक को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन।

### तकनीकी जांच में तेजी

लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए एसपी ने अधिकारियों को आदेश दिया कि डेटा विश्लेषण और तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग कर अपराधियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाए।

### जन जागरूकता अभियान

पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल को निर्देश दिए कि शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों में तेजी लाई जाए, ताकि नागरिक सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूक हो सकें।

### साइबर अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिले में साइबर अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। हमारा उद्देश्य केवल अपराध दर्ज करना ही नहीं, बल्कि त्वरित कार्रवाई के माध्यम से जनता के खोए हुए पैसे को वापस दिलाना और अपराधियों में कानून का खौफ पैदा करना है।

### नागरिकों से की अपील

पुलिस ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि यदि वे किसी भी प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार होते हैं, तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। घटना के पहले एक घंटे में दी गई सूचना से पैसे वापस मिलने की संभावना सबसे अधिक होती है।

## बैंकों में सॉफ्टवेयर से लैस उन्नत निगरानी व उच्च गुणवत्ता वाले मेगापिक्सल कैमरे लगाएं

■ सर्राफा व्यापारियों, पेट्रोल पंप संचालकों व बैंक अधिकारियों संग सुरक्षा के मद्देनजर एसपी ने की मीटिंग



**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में सर्राफा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों, पैट्रोल पंप संचालकों व बैंक अधिकारियों संग बैठक की गई। बैठक में व्यापारियों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अवगत कराया गया तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा दिए गए सुझावों को भी अमल में लाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बैंक अधिकारियों से बैंक परिसरों मे अपराधियों की पहचान के लिए सॉफ्टवेयर से लैस उन्नत निगरानी व उच्च गुणवत्ता वाले मेगापिक्सल कैमरे लगाने का सुझाव दिया। सभी एटीएम के अंदर कैमरे इस तरह से लगाए जाएं ताकि एटीएम में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति के चेहरे की स्पष्ट वीडियो कैप्चर हो सके और साथ ही रात्रि के लिए नाइट विजन कैमरे लगाने की भी व्यवस्था की जाए। बैंक के तीनों और अगर कोई भी बिल्डिंग नहीं है तो बैंक के चारों और कैमरे लगवाए। ग्रामीण और शहरी इलाकों में रात के दौरान एटीएम पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जाए और उन्हें सतर्क रहने के जानकारी दी जाए व बैंकों या एटीएम में संदिग्ध तरीके से घूमते पाए जाने वाले व्यक्तियों के बारे में पुलिस को सूचित करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हांसी शहर के सदर बाजार,चौपटा बाजार, बजरिया चौक, भीड़-भाड़ वाले स्थान तथा सर्राफा बाजार में राइडर व सादे कपड़ों में पुलिस द्वारा पैदल गश्त की जा रही है। बाजार में गश्त बढ़ाकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है। उन्होंने सर्राफा व्यापारियों से अपील की है कि दुकान पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की वेरीफिकेशन जरूर कराया जाए तथा रात्रि के समय चौकीदार की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। सभी अपनी दुकान पर कैमरा इस तरह लगाएं की दुकान में आने वाले हर व्यक्ति का चेहरा साफ नजर आए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। पुलिस अधीक्षक ने पेट्रोल पंप संचालकों से कहा कि वे अपने पंपों पर कैमरों को इस प्रकार स्थापित करवाएं कि पंप के सामने से गुजरने वाले व्यक्तियों के हाव भाव, उनका चेहरा और वाहनों की नंबर प्लेट स्पष्ट रूप से दिखाई दें। सीसीटीवी की डीवीआर की सेफ्टी सुनिश्चित करें।

## सीएम सैनी वीसी से करेंगे वार्ड समिति के साथ सीधा संवाद


हिसार। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते जिला नगर आयुक्त नीरज व अन्य अधिकारी।

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 16 अप्रैल को वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से प्रदेशभर की वार्ड समितियों के साथ सीधा संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम में जिले की नगर निगम, नगर परिषद और नगरपालिका की वार्ड समितियां भी जुड़ेंगी। जिले से यह संवाद गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय (जीजेयू) के सतेन्द्र नाथ बोस हॉल-1 से किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला नगर आयुक्त नीरज अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने हॉल में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सभी पहलुओं को बारीकी से परखा और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, वीरेन्द्र सहारण, कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी, एमई अमित बेरवाल, एमई कर्मपाल सिंधू सहित सभी जेई और बरवाला व उकलाना के यूएलबी के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिला नगर आयुक्त नीरज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटियां लगाए ताकि समय पर सभी तैयारियां पूरी हो। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने और तकनीकी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने पर जोर दिया। इसके अलावा वार्ड समिति के चेयरमैन और सदस्यों के बैठने की व्यवस्था निर्धारित कर दी गई है। साथ ही अधिकारियों के लिए भी स्थान तय किया गया है।

# विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए महिलाओं को सशक्त करना जरूरी : भाटिया

**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किए जाने का स्वागत करते हुए नारी शक्ति वंदन संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया मुख्य अतिथि रही जबकि जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने अध्यक्षता की। आजाद नगर स्थित गोदारा पेट्रोल पंप से संत कबीर छात्रावास तक निकाली इस पद यात्रा में भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रेनू भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार महिलाओं को आरक्षण देकर इतिहास रच रही है। पहले महिलाओं को चूल्हे चौके तक सीमित समझा जाता था लेकिन मोदी सरकार ने महिलाओं की भागीदारी की अहमियत समझी और उन्हें उनके अधिकार देते हुए यह अधिनियम लागू करने का बीड़ा उठाया। प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है कि यह अधिनियम लागू हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य के प्राप्त करने के लिए देश की आधी आबादी महिलाओं को सशक्त करना अनिवार्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने यात्रा में आए मुख्य अतिथि व अन्य नागरिकों का आभार जताया। कार्यक्रम में डॉ. प्रतिमा गुप्ता, सावित्री पनिहार, मंजू पोपली, पार्षद सुमन यादव, पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा, सुमन कसवां, सीमा शर्मा, सुमित्रा, सीमा गोदारा, रवीना, मोनू, प्रोमिला पूनिया, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, प्रवक्ता पीयूष मेहता, राजकुमार इंदौरा, कृष्ण सरसाना, विनोद तोषावड़, सतीश सुरलिया, सुरेश जांगड़ा व धर्मबीर पानू सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।


हिसार। यात्रा में शामिल रेनू भाटिया, डॉ. आशा खेदड़ व अन्य महिलाएं।

### 'नारी शक्ति वंदन' नए भारत के निर्माण में मील का पत्थर : नीलम



**नारनौंद।** भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीलम देवी जांगड़ा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक बताते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में मोदी सरकार का सबसे बड़ा क्रांतिकारी कदम करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारत की आधी आबादी के सम्मान और अधिकारों की गौरवशाली जीत है। उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने 'वुमन-लेड डेवलपमेंट' के संकल्प को चरितार्थ किया है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित होने से अब नीति-निर्धारण के मुख्य मंच पर महिलाओं की सशक्त आवाज ओर बुलंद होगी।

### 'नारी शक्ति वंदन' पारित होना ऐतिहासिक कदम : ज्योति वर्मा



**हिसार।** नगर निगम के वार्ड 3 की पार्षद ज्योति वर्मा ने कहा है कि भारत में महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। दशकों से लंबित यह विधेयक अब कानून बनकर महिलाओं को राजनीति में समान भागीदारी का अधिकार प्रदान करता है। पार्षद ज्योति वर्मा ने कहा कि इस अधिनियम के अंतर्गत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है, जो देश की राजनीति में महिलाओं की मजबूत भागीदारी का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के इस ऐतिहासिक सफर में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है।

### जिला प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन 26 को

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की सेक्टर 3 पशुपालन विभाग की ब्रांच की मीटिंग प्रधान रणबीर रावत की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग का संचालन छबील दास मोलिया ने किया। मीटिंग में दमकल विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन करते हुए भावी चंद और रणबीर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और हरियाणा सरकार इनकी मांगों को पूरा करने की मांग की गई। यूनियन के जिला प्रधान रामफल शिकारपुर ने बताया कि आगामी 26 अप्रैल को होने वाले जिला प्रतिनिधि सम्मेलन में आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये लागू करने, खाली पदों पर स्थायी भर्ती करने, समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने, महिला कर्मचारियों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण, अलग शौचालय एवं विश्राम गृह की व्यवस्था, चाइल्ड केयर लीव को पहले की तरह स्वीकृति देने सहित अनेक मांगों को उठाया जाएगा। मीटिंग को रमेश ढेंग, मनीराम तंवर, सीताराम मोलिया, राजेश स्वामीनाथ, सुनीता कमलेश, मीना देवी आदि ने संबोधित किया।

## मय्यड़ में 50 बेड के आयुष अस्पताल के लंबित कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश

डीसी ने निर्माणाधीन आयुष अस्पताल को लेकर अधिकारियों की बैठक ली

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने गांव मय्यड़ में निर्माणाधीन 50 बेड के आयुष अस्पताल के लंबित कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि फायर फाइटिंग सिस्टम और बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन जैसे शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए।

उपायुक्त ने कहा कि संबंधित विभागों से आवश्यक अनुमतियां समय पर प्राप्त कर सभी प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जाए, ताकि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का और अधिक विस्तार किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि अस्पताल को सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि आयुष अस्पतालों के माध्यम से आमजन को आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग जैसी पारंपरिक पद्धतियों का लाभ मिल रहा है।



बैठक में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ धर्मपाल पूनिया ने जानकारी दी कि अस्पताल में ओपीडी सेवाएं शुरू की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि शेष निर्माण कार्य पूर्ण होते ही अस्पताल में इंडोर (आईपीडी) सेवाएं भी शुरू कर दी जाएंगी। उपायुक्त ने कार्यों की प्रगति की नियमित निगरानी करने और तय समय सीमा में सभी लंबित कार्य पूरे करने के निर्देश दिए।

### 26 ग्राम चिट्टे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**नारनौंद।** बास पुलिस ने चिट्टे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान पुट्ठी निवासी सोनू के रूप में हुई है। थाना बास में तैनात एसआई रमेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बडछप्पर मार्ग पर गांव पुट्ठी के पास नाकाबंदी कर तलाशी शुरू कर दी। कुछ समय बाद एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा तो पुलिसकर्मियों ने उसे काबू किया तो उसने अपना नाम सोनू बताया। तलाशी में उसके पास 26 ग्राम चिट्टा मिला। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना बास में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव की प्रक्रिया आरंभ, नामांकन 21 से 25 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। यह चुनाव ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों तथा जिला परिषदों के रिक्त पदों को भरने के उद्देश्य से आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) महेंद्र पाल ने बताया कि जारी शेड्यूल अनुसार चुनाव प्रक्रिया बुधवार से प्रारंभ हो गई है। नामांकन पत्र 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल को की जाएगी।

उन्होंने बताया कि नाम वापसी की अंतिम तिथि 28 अप्रैल दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई है और इसी दिन चुनाव चिन्हों का आवंटन भी किया जाएगा। मतदान 10 मई को प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक संपन्न कराया जाएगा और मतगणना मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद की जाएगी तथा परिणाम उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने बताया कि यदि किसी कारणवश री-पोल की आवश्यकता होती है, तो यह 12 मई को आयोजित किया जाएगा और इसकी मतगणना भी मतदान समाप्ति के तुरंत बाद की जाएगी।

### आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित हो : जिला निर्वाचन अधिकारी

**हिसार।** हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार जिला हिसार के उकलाना नगर पालिका में प्रधान एवं वार्ड सदस्यों के चुनाव के दृष्टिगत संबंधित क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू की गई है। सभी अधिकारी व कर्मचारी आदर्श आचार संहिता की अनुपालना को सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल ने बताया कि निर्धारित शैड्यूल अनुसार नामांकन पत्र 21 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक भरे जाएंगे तथा मतदान 10 मई को कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि रि-पोल की आवश्यकता हुई तो 12 मई को आयोजित किया जाएगा तथा मतगणना 13 मई को प्रात: 8 बजे से निर्धारित स्थानों पर की जाएगी और परिणाम मतगणना पूर्ण होते ही घोषित कर दिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### स्टेट क्विज में छाए होली चाइल्ड स्कूल के विद्यार्थी

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ललित (कक्षा 12वीं) एवं जिज्ञासा (कक्षा 12वीं) ने रेवाड़ी में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय क्विज़ प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन स्थल जिला बाल कल्याण परिषद, बाल भवन, रेवाड़ी रहा। इन विद्यार्थियों ने अपनी निरंतर मेहनत और उत्कृष्ट प्रतिभा के दम पर पहले जिला स्तर पर द्वितीय स्थान तथा उसके बाद डिविजनल स्तर पर भी द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर तक पहुंचने का गौरव हासिल किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर. एस. सिंधु व प्राचार्या अनीता पन्नू दलाल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### एसबीएस स्कूल माढा के खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड

**नारनौंद।** राज्य स्तरीय ओपन टेबल टेनिस का आयोजन अंबाला में किया गया। इसमें एसबीएस स्कूल माढ़ा के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल में पहुंचने पर सभी विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। एसबीएस स्कूल माढा की छात्रा मुस्कान ने टेबल टेनिस अंडर 17 आयु वर्ग में यमुनानगर की असमी को हराकर गोल्ड मेडल जीता, कनिष्का ने अंडर 14 आयु वर्ग में चंडीगढ़ की आन्या को हराकर गोल्ड मेडल जीता, प्रीति ने अंडर 17 आयु वर्ग में पंचकूला की अनिका को हराकर ब्रॉन्ज मेडल, नैंसी ने मोहाली की महिमा को हराकर ब्रॉन्ज मेडल तथा लड़कों में अंडर 11 आयु वर्ग में स्कूल के रियांश ने अंबाला के विराट को हराकर सिल्वर मेडल जीता। इस तरह स्कूल के खिलाड़ियों ने पांच मेडल जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर डॉ. सुनील चहल ने बताया कि टेबल टेनिस में स्कूल के खिलाड़ी हर वर्ष पदक जीतकर स्कूल, जिले तथा का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर स्कूल में बलजीत, विजय, विकास, हेमंत, मंजू, नीतू, पूजा, रेखा, शारदा, कुसुम आदि थे।



### जाट कॉलेज में हुआ मॉक इंटरव्यू सत्र

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट महाविद्यालय के व्यक्तित्व एवं पेशेवर विकास क्लब-राइज़ के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए मॉक इंटरव्यू सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों में साक्षात्कार कौशल, आत्मविश्वास एवं व्यावसायिक संप्रेषण क्षमता का विकास करना था। छात्रों से आत्म-परिचय, व्यवहारिक प्रश्न, परिस्थितिजन्य समस्याएं एवं करियर-उन्मुख प्रश्न पूछे गए। पैनल द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को व्यक्तिगत फीडबैक दिया गया, जिसमें उनके उत्तरों की संरचना, बॉडी लैंग्वेज एवं स्पष्टता पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने कहा कि ऐसे अभ्यास सत्र विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी माहौल के लिए तैयार करते हैं और प्लेसमेंट के दौरान उनका आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। राइज़ क्लब के समन्वयक डॉ. परविन्दर ने बताया कि क्लब नियमित रूप से कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का सफल संचालन गतिविधि समन्वयक डॉ. चेतना ढुल, डॉ. मोनिका एवं डॉ. सुशील बजाज द्वारा किया गया।





### 'कैंपस टू कॉर्पोरेट ग्रूमिंग चैलेंज' पर हुई कार्यशाला

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की ओर से 'कैंपस टू कॉर्पोरेट ग्रूमिंग चैलेंज' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान विभाग, महिला प्रकोष्ठ एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यशाला में मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक दिव्या मेकओवर से कुमारी दिव्या बत्रा रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के कौशल भविष्य में रोजगार व उद्यमिता के अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ती है। आईआईसी संयोजक एवं इंटर्नशिप प्रभारी सतीश सिंगला ने रिसोर्स पर्सन कुमारी दिव्या बत्रा एवं उनकी टीम का स्वागत किया। दिव्या बत्रा ने छात्राओं को मेकअप और ब्यूटी वेलनेस के क्षेत्र में रोजगार और करियर अवसरों के बारे में बताया। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शशि कला ने दिव्या मेकओवर की पूरी टीम का धन्यवाद किया। मीडिया प्रभारी डॉ. वसुंधरा ने बताया कि कार्यशाला में 67 छात्राओं ने भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

### बैडमिंटन नर्सरी के दो खिलाड़ी नेशनल के लिए चयनित

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से संचालित हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप (एचपीएसजी) बैडमिंटन नर्सरी, विद्युत नगर के उभरते खिलाड़ी शौर्य प्रताप सिंह और युग दहिया का चयन स्कूल गेम्स फैडरेशन ऑफ इंडिया नेशनल बैडमिंटन गेम्स के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 16 से 22 अप्रैल तक दिल्ली के त्याग राज स्टेडियम में होगी जिसमें देशभर के 17 साल से कम आयु वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। इससे पहले यहीं पर आयोजित हुई 19 साल से कम आयु वर्ग की नेशनल प्रतियोगिता में इस नर्सरी के प्रतीक राखी, दित्या, अराध्या व प्रीति ने भी शानदार प्रदर्शन किया था। इन खिलाड़ियों ने सीबीएसई नेशनल गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीतकर हरियाणा का नाम रोशन किया। नर्सरी के कोच व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेंद्र कुमार व वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शौर्य प्रताप सिंह और युग दहिया दोनों ही मेहनती और अनुशासित खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अपनी लगन और अभ्यास के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है।


हिसार। कोच वीरेंद्र कुमार के साथ चयनित खिलाड़ी शौर्य प्रताप सिंह और युग दहिया।

### फायर कर्मियों की हड़ताल के समर्थन में उतरे नपा कर्मी

**बरवाला।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा बरवाला द्वारा अग्नि सम्मान विभाग कर्मचारी यूनियन के आहवान पर फायर कर्मचारियों की बुधवार को 8वें दिन की हड़ताल फायर स्टेशन बरवाला पर जारी रही। इसकी अध्यक्षता फायर मैंन राजेश कुमार ने की और मंच संचालन फायरमैन राजवीर कुमार ने किया। फायर कर्मचारियों ने सरकार की वायदा खिलाफी के विरोध में जमकर नारेबाजी की। नगरपालिका के कर्मचारी शहर में प्रदर्शन करते हुए आए और फायर के हड़ताली कर्मचारियों का समर्थन किया। सर्व कर्मचारी संघ के जिला उपप्रधान प्रीतम सिंह, पीडब्ल्यूडी मैकेनिक यूनियन सूरत सिंह, नगरपालिका इकाई प्रधान सुनील लौट ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 16 फरवरी को कालका स्टील फैक्ट्री फरीदाबाद में फायर के दो कर्मचारियों ने आग बुझाते हुए झुलस जाने के कारण दम तोड़ दिया था। उनके परिवार में एक सदस्य को सरकारी नौकरी, एक करोड रुपये मुआवजा, शहीद का दर्जा दे व फायर कर्मचारियों की जो मुख्य मांगे हैं उनको सरकार पूरा करने का काम करे। धरने को नगरपालिका के उप-प्रधान विकी, सचिव राहुल, दरोगा रवि, मुकेश कुमार, विजय, करणपाल, श्रवण और राजा राम ने संबोधित किया। इस दौरान फायर से राजपाल, अजीत, सुरेश, बसाऊ राम, चांद राम व सतबीर समेत अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

### थर्मल कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**बरवाला।** राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट खेदड़ में हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय परिषद के बैनर तले थर्मल खेदड़ यूनिट और हिसार जिले की यूनियन के पदाधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सरकार व मैनेजमेंट पर मनमानी का आरोप लगाते हुए बुधवार को लगातार 24 वे दिन एचपीजीसीएल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता पूर्व उपप्रधान किशन भारद्वाज ने की और संचालन सुरेश सैनी सचिव खेदड़ यूनिट ने किया। इन प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए किशन भारद्वाज ने कहा कि थर्मल प्रशासन ने हरियाणा बिजली उत्पादन निगम कर्मचारियों की जायज मांगों को नहीं माना। उन्होंने कहा कि थर्मल प्रशासन कर्मचारियों की मांगों पर जल्दी ही यूनियन के केंद्रीय परिषद से बातचीत कर कर समस्याओं का समाधान करें। इस अवसर पर केंद्रीय परिषद में उपप्रधान व यूनिट सर्कल सचिव दलजीत पंघाल, यूनिट प्रधान राजवीर सोनी, सब यूनिट सचिव सुरेश सैनी, वरिष्ठ उपप्रधान शिव कुमार, उपप्रधान सत्यवान खटकड़, कृष्ण नैन, दीपक सहरावत, दीपक कक्कड़, रवि प्रकाश, संदीप कालीरामना आदि मौजूद रहे।